संख्या 264/चौवालिस-2-106/90-91

प्रेषक,

श्री कमल कान्त जैसवाल,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/निगमों से सम्बन्धित
शासन के समस्त प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव।

सार्वजनिक उद्यम अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक: 4 मार्च, 1991

विषय:-- सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/निगमों के कार्यकलापों की समीक्षा।

महोदय,

सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो द्वारा राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/निगमों के कार्यकलापों तथा गतिविधियों का वैज्ञानिक ढंग से मूल्यांकन, उनमें विनियोजित शासन की पूंजी का सही उपयोग एवं उस पर पर्याप्त रिटर्न की समीक्षा उपक्रमों/निगमों का प्रभावी अनुश्रवण एवं मार्गदर्शन, शासन तथा विधान मण्डल को उनके कार्यकलापों से अवगत कराने तथा जनशक्ति नियोजन एवं कार्मिक नीतियों के सम्बन्ध में परामर्श देने का कार्य उपक्रमों/निगमों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर किया जाता है। इस सम्बन्ध में तत्कालीन मुख्य सचिव के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या--2633/ब्यूरो-56/78, दिनांक 24 अगस्त, 1978 (प्रतिलिपि संलग्न) द्वारा यह भी अपेक्षा की गयी थी कि शासन के सचिव अपने विभाग के अधीनस्थ सार्वजनिक उद्यमों/निगमों के प्रबन्ध निदेशकों की त्रैमासिक बैठक आयोजित करेंगे जिनमें उद्योगों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण विषयों पर विचार किया जायेगा और बैठक में महानिदेशक, सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो, उ०प्र० स्थायी आमंत्रित अधिकारी के रूप में बुलाये जायेंगे। सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यों की समीक्षा और उसका अनुश्रवण सम्बन्धित उपक्रम के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि इससे उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में अपना कार्यकलाप और कार्यपद्धति सुधारने में सहायता प्राप्त होती है। इस प्रकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कार्यकलापों की समीक्षा में ब्यूरो के योगदान की एक अनिवार्यता है। इधर कुछ समय से अधिकांश विभागों से उपक्रमों/निगमों के कार्यकलापों की विभागीय सचिव के स्तर पर त्रैमासिक समीक्षा की सूचना सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो में प्राप्त नहीं हो रही है। अतः शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि उक्त परम्परा को पुर्नस्थापित किया जाय।

2- साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि उपक्रमों/निगमों के कार्यकलापों की त्रैमासिक समीक्षा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सचिवों की बैठक में भी की जाय। इस समीक्षा को प्रभावी बनाने हेतु आपसे अनुरोध है कि अपने नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/निगमों के कार्यकलापों की त्रैमासिक रिपोर्ट महानिदेशक, सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो, जवाहर भवन, लखनऊ को नियमित रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोक्त।

भवदीय,
[कमल कान्त जैसवाल]
सचिव।

संख्या 264 (1)/44-2-106/90-91 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महानिदेशक, सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो, जवाहर भवन, लखनऊ
(2) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/निगमों से सम्बन्धित समस्त प्रबन्ध निदेशक/अध्यक्ष/मुख्य कार्यकारी।

आज्ञा से,
[प्रेम शंकर]
विशेष सचिव।